प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 रविवार दिनांक 13.04.2025

मुख्य समाचारः—

- प्रदेश में कल अंबेडकर जयंती सामाजिक समरकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी—आज रायपुर में निकाली गई 'जय भीम पदयात्रा'—मुख्यमंत्री हुए शामिल।
- रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल पर जल्द शुरू होगी इंटरनेशनल कार्गो सुविधा।
- कोरबा जिले में आज एक वाहन नहर में गिरा—पांच लोग लापता।
- पाम संडे पर आज मसीही समाज ने रायपुर में निकाला जुलूस।

अंबेडकर जयंती—जय भीम पदयात्रा

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आज रायपुर में 'जय भीम पदयात्रा' का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा तेलीबांधा तालाब से शुरू होकर अंबेडकर चौक में संपन्न हुई। पदयात्रा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान श्री साय ने युवाओं के साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया और संविधान की मूल भावना के प्रति निष्ठा तथा प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए प्रिएम्बल वाल पर हस्ताक्षर किए।

खेल युवा कल्याण विभाग और नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का संविधान हर नागरिक के लिए पवित्र ग्रंथ है, जो हमें गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार देता है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और उन्हें मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने समाज में विशिष्ट योगदान देने वाले युवाओं को सम्मानित किया।

प्रदेश में कल अंबेडकर जंयती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य के सभी जिलों, जनपदों और ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया जाएगा। साथ ही कल प्रदेश की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा।

इस बीच, राज्य शासन ने अंबेडकर जयंती के अवसर पर कल चौदह अप्रैल को राज्य के सभी शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

अंबेडकर जयंती–समारोह

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कल नई दिल्ली में संसद भवन लॉन स्थित प्रेरणा स्थल पर समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई मंत्री, सांसद और अन्य लोगों द्वारा बाबासाहेब आंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ होगी।

रायपुर विमानतल–कार्गो सुविधा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल पर जल्द ही इंटरनेशनल कार्गो की सुविधा शुरू होगी। इस सुविधा के शुरू होने से प्रदेश के किसानों की उपज को अंतरराष्ट्रीय बाजार मिलेगा। श्री साय ने कल छत्तीसगढ़ राज्य बीज विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर और छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेश कुमार चंद्रवंशी के पदभार ग्रहण समारोह में यह बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के किसानों से मिलेट्स और मक्का जैसी फसलों का उत्पादन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमें ऑर्गेनिक खेती की ओर बढ़ने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश में सौर सुजला योजना फिर से शुरू की जाएगी। इस योजना के तहत किसानों को अनुदान पर सोलर सिंचाई पंप उपलब्ध कराए जाएंगे।

कोरबा–दुर्घटना

कोरबा जिले में आज चारपहिया एक वाहन के अनियंत्रित होकर सिंचाई नहर में गिर जाने से उसमें सवार पांच लोग डूब गए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। इनमें दो बच्चे और तीन महिलाएं शामिल हैं। वाहन में चौबीस लोग सवार थे, जिनमें से उन्नीस लोग बाहर निकल आए हैं। वहीं, पांच लोगों की तलाश की जा रही है। हमारी कोरबा संवाददाता राजश्री गुप्ते ने बताया कि ये सभी वाहन में सवार होकर एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम मुकुंदपुर से खरहरी जा रहे थे।

माओवादी शिनाख्त/माओवादी आत्मसमर्पण

बीजापुर जिले के इंद्रावती थाना क्षेत्र के जंगल में कल सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए तीनों माओवादियों की पहचान कर ली गई है। इनमें से एक माओवादी अनिल पूनेम माटवाड़ा एलओएस कमांडर के पद पर सक्रिय था और इस पर पांच लाख रूपये का इनाम घोषित था। वहीं, दो अन्य माओवादी पालो पोड़ियाम और दीवान मड़कम पर एक–एक लाख रूपये का इनाम घोषित किया गया था। ये दोनों माटवाड़ा एलओएस सदस्य के रूप में सक्रिय थे।

इस बीच, कोंडागांव जिले में आज एक लाख रूपये की इनामी महिला माओवादी ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। यह माओवादी जनमिलिशिया सदस्य और बारसूर एलओएस सदस्य के रूप में सक्रिय थी। आत्मसमर्पण करने वाली माओवादी को राज्य सरकार की नीति के तहत पचास हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

एक भारत श्रेष्ठ भारत

"एक भारत–श्रेष्ठ भारत" कार्यक्रम के तहत रायपुर स्थित राजभवन में कल अरूणाचल प्रदेश, राजस्थान और ओडिशा राज्यों का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले इन राज्यों के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान इन राज्यों के बच्चों और युवाओं ने अपने राज्य की संस्कृति और लोक परंपरा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम हमें सांस्कृतिक आदान–प्रदान, आर्थिक सहयोग और राष्ट्रीय एकता को बढ़ाने का संदेश देता है।

मुख्यमंत्री–पदभार ग्रहण समारोह

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव के पदभार ग्रहण और अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गृह निर्माण मंडल की लगभग छह सौ अस्सी करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। साथ ही आठ लोगों को अनुकंपा नियुक्ति

प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह निर्माण मंडल द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए आवास बनाए जा रहे हैं।

वहीं, मुख्यमंत्री की मौजूदगी में छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने भी पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह उपस्थित थे।

जांजगीर–हादसा

जांजगीर–चांपा जिले के कोटाडबरी में स्थित प्रकाश इंडस्ट्रीज में कल शाम हुए हादसे में प्लांट के महाप्रबंधक समेत तेरह कर्मचारी बायलर भट्ठी की आग से झुलस गए। घायल कर्मचारियों का इलाज रायपुर के निजी अस्पताल में चल रहा है। इनमें से महाप्रबंधक सहित तीन की हालत गंभीर बताई गई है। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला और औद्योगिक सुरक्षा के सहायक संचालक राहुल पटेल मौके पर पहुंचे। कलेक्टर ने औद्योगिक सुरक्षा के अधिकारियों को घटना की जांच के निर्देश दिए हैं।

भिलाई–अतिक्रमण कार्रवाई

भिलाई नगर निगम प्रशासन ने आज गौतम नगर में नाला और मुख्य सीवरेज लाइन के ऊपर कब्जा कर अवैध रूप से बनाए गए मकानों को हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान पचास से अधिक कब्जों को हटाया गया। प्रभावित लोगों ने कार्रवाई का विरोध भी किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई से पहले संबंधित लोगों को नोटिस दिया गया था। नाले पर अतिक्रमण होने के कारण बारिश के मौसम में पानी निकासी की समस्या रहती थी, इसलिए अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई की गई।

सुशासन तिहार–कार्रवाई

सुशासन तिहार के दौरान मुख्यालय से अनुपस्थित रहने के मामले में गरियाबंद जिला कलेक्टर ने फिंगेश्वर नगर पंचायत के सीएमओ को निलंबित करने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं। वहीं, तीन एसडीएम, दो जनपद सीईओ और पांच सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

पाम संडे

आज दुनियाभर में पाम संडे मनाया जा रहा है। यह दिवस ईसा मसीह के येरूशलम में प्रवेश की स्मृति में मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ में भी मसीही समाज ने पाम संडे मनाया। इस मौके पर मसीही समाज द्वारा राजधानी रायपुर में खजूर की डालियों के साथ जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में मसीही समाज के

लोग और स्कूली बच्चे शामिल हुए। वहीं, गिरजाघरों को भी खजूर की डालियों और फलों से विशेष रूप से सजाया गया था।

## फुटबॉल प्रतियोगिता

नारायणपुर के रामकृष्ण मिशन आश्रम मैदान में इन दिनों स्वामी विवेकानंद अंडर–ट्वेंटी पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। आज खेले गए मुकाबले में आंध्रप्रदेश की टीम ने दादर नगर हवेली और दमन–दिव की टीम को एक के मुकाबले चार गोल से हराया। वहीं, कल चौदह अप्रैल को तेलंगाना और चंडीगढ तथा पांडिचेरी और उत्तराखंड के बीच मैच खेले जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अमृतसर के जलियांवाला बाग के अमर शहीदों को नमन किया है।
- मुख्यमंत्री ने बैसाखी पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि बैसाखी का पर्व हमें मेहनत, समर्पण और परिश्रम के मूल्यों की याद दिलाता है।
- मुख्यमंत्री ने संत कंवर राम जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।
- बिलासपुर जिले के ग्राम घुटकू में रेत के अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन की टीम ने सत्तर ट्रैक्टर डम्प रेत जब्त की है।
- सक्ती जिले की मालखरौदा पुलिस ने बड़े रबेली गांव में एक युवक से मारपीट करने के मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, एक अन्य व्यक्ति फरार है।

<><><><><><>